# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 29-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/ शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 29.10.2025 को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई मे कुल 12 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमे 03 परिवारिक विवाद व 04 मार-पीट तथा शेष 05 अन्य से संबंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

प्रेस नोट दिनांक 29/10/2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ऑपरेशन कवच के तहत थाना मोहाना पुलिस व एसएसबी द्वारा संयुक्त रुप से भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में, विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में व जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 29.10.2025 को ऑपरेशन कवच के तहत थाना मोहाना पुलिस व SSB झंगटी द्वारा आपरेशन कवच के तहत थाना मोहाना के ककहरवा भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।

**प्रेस नोट दिनाँक 29/10/2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत महिला मिशन केंद्र थाना शिवनगर डिडई की टीम द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो व शक्ति दीदी द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम मसीनाशंकरपुर के बीआरसी स्कूल के छात्राओं को पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया तथा एन्टीरोमियों द्वारा शोहदों की चेकिंग कर हिदायद दी गयी।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 29/10/2025 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी बांसी सुजीत राय तथा प्रभारी निरीक्षक शिवनगर डिड़ई मनोज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत थाना क्षेत्र के ग्राम मसीना शंकरपुर बीआरसी स्कूल में चौपाल के माध्यम से मिशन शक्ति कार्यक्रम साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम के तहत उपस्थित छात्राओं व अध्यापिकों को महिला सशक्तिकरण सम्बन्धित बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न हेल्पलाइन नंबर, महिला से सम्बन्धित कानूनो के बारे मे जानकारी देते हुए तथा मसीना शंकरपुर उपरोक्त स्थानों पर एंटी रोमियो की गई तथा चेकिंग के तहत कुल 20 वाहन व 30 व्यक्ति चेक किये गए 05 वाहन का चालान कर 05 शोहदों का माफीनामा भर 10 व्यक्ति को चेतावनी दे हिदायत मुनासिब किया गया।**

**महिला मिशन शक्ति थाना शिवनगर डिडई टीम का विवरण---**
**01•उ0नि0 अयोध्या यादव थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर।**
**02.महिला आरक्षी प्रतिमा दूबे थाना शिवनगर जनपद सिद्धार्थनगर।**

प्रेस नोट दिनांक 29/10/2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत महिला मिशन केंद्र थाना इटवा की नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो व शक्ति दीदी द्वारा थानाक्षेत्र के फातिमा इण्टर कॉलेज सेमरी खानकोट की छात्राओं को पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया।

डॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं साईबर जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व शुभेंदु सिंह क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 29/10/2025 प्रभारी निरीक्षक इटवा श्याम सुंदर तिवारी थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में थाना क्षेत्र के फातिमा इण्टर कॉलेज सेमरी खानकोट की बालिकाओं को बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बालिकाओं से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बालिका द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे बालिकाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर एंव नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति व साईबर जागरूकता थाना इटवा टीम का विवरण--
01.उ0नि0 रामसुरेश यादव थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।
02.आरक्षी आलोक यादव थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।
03.महिला आरक्षी श्रुति मिश्रा थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।

प्रेस नोट दिनांक 29.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (बहू बेटी सम्मेलन) साइबर जागरुकता के क्रम में महिला थाना जनपद सिद्धार्थनगर टीम द्वारा थाना क्षेत्र सिद्धार्थनगर के ग्राम महनगा की महिलाओ को सुरक्षा, हेल्पलाइन नम्बरो व नये कानून के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता व नये कानून के बारे मे अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 29/10/2025 को महिला थाना जनपद सिद्धार्थनगर टीम उ0नि0 रामनारायण शुक्ला, म0आ0 हसीना खातून, म0आ0 शिवानी सिंह, म0आ0 प्रगति राय द्वारा थाना क्षेत्र सिद्धार्थनगर के महनगा गाँव की महिलाओ को जो थाने तक नहीं आ सकती हैं बहू बेटी सम्मेलन लगाकर व साइबर जागरुकता अभियान व वीडीयो दिखा कर जागरुक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन,108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

प्रेस नोट दिनांक 29.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा बुद्धा काम्प्लेक्स पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में जनपद के सभी बैंक मैनेजरों के साथ साइबर फ्राड़ के संबन्ध में गोष्ठी की गयी।**

आज दिनांक 29.10.2025 को बुद्धा कॉम्प्लेक्स पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर की अध्यक्षता में जनपद के सभी प्रमुख बैंकों के मैनेजरों के साथ साइबर फ्रॉड के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु बैंकिंग प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करना, संदिग्ध लेन-देन पर तत्काल सूचना आदान-प्रदान, मनी म्यूल खातों (फर्जी बैंक खातों) की पहचान एवं रोकथाम, होल्ड राशि वाले मामलों में न्यायालयीन आदेशों का शीघ्र अनुपालन, जन जागरूकता अभियान में बैंकों की सक्रिय भूमिका थी। पुलिस अधीक्षक ने बैंक मैनेजरों को संबोधित करते हुए कहा कि साइबर फ्रॉड के अपराधियों को पकड़ने में बैंकों का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसी भी संदिग्ध ट्रांजेक्शन पर विलंब न करते हुए तुरंत पुलिस को सूचित करें। साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। सीसीटीवी/अलार्म सिस्टम की नियमित जांच करें। ओटीपी कभी शेयर न करें, अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें तथा डिजिटल अरेस्ट जैसे फ्रॉड से सावधान रहने की सलाह दें। सभी ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। जिले को साइबर फ्रॉड मुक्त बनाने के लिए पुलिस-बैंक समन्वय को और मजबूत किया जाएगा। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, क्षेत्राधिकारी सदर सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

प्रेस नोट दिनाँक 29/10/2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत महिला मिशन केंद्र थाना त्रिलोकपुर की नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो व शक्ति दीदी द्वारा थानाक्षेत्र के स्व0 छोटकन यादव मेमोरियल जू0 हाई स्कूल पोखरभिटवा की छात्राओं को पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के निर्देशन में, रामदेव थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर के नेतृत्व में आज दिनांक 29/10/2025 को मिशन शक्ति टीम थाना त्रिलोकपुर द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत स्व0 छोटकन यादव मेमोरियल जू0 हाई स्कूल पोखरभिटवा में मिशन शक्ति के सम्बन्ध में विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जाकर बालिकाओं/महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधी जानकारी को बताया दी गयी तथा जागरूक किया गया। मिशन शक्ति फेज 5.0  कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा,181 वीमेन हेल्पलाइन, 101 अग्निशमन सेवा के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति पुलिस टीम का विवरण-

1.उ0नि0 कृष्ण कुमार पांडे, तालीमुद्दीन खान थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।
2.हे0का0 धनंजय दुबे थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।
3.कांस्टेबल सत्य प्रकाश यादव थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।
4.म0का0 कंचन सिंह, प्रीती थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

प्रेस नोट दिनाँक 29/10/2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत महिला मिशन केंद्र थाना ख़ेसरहा की टीम द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो व शक्ति दीदी द्वारा थानाक्षेत्र के श्रीमती लीलावती देवी पब्लिक इंटर कॉलेज सकारपार की छात्राओं को पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी बांसी सुजीत राय तथा अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष खेसरहा की उपस्थिति में मिशन शक्ति टीम के साथ आज दिनांक 29/10/2025 को मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत थाना क्षेत्र चौकी सकारपार के श्रीमती लीलावती देवी पब्लिक इंटर कॉलेज सकारपार में जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम के तहत उपस्थित बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण सम्बन्धित बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा,181 वीमेन हेल्पलाइन, 101 अग्निशमन सेवा के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया तथा सकारपार बाजार, कलनाखोर आदि स्थानों पर एंटी रोमियो की चेकिंग के तहत 6 शोहदों का माफीनामा भर चेतावनी दी गई।

मिशन शक्ति पुलिस टीम का विवरण-

1.उ0नि0 चन्द्रिका प्रसाद मौर्या, ज्ञानप्रताप सिंह थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

2.आ0 राहुल सिंह, अजीत कुमार थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

3.म0आ0 रम्भा यादव, संगीता देव थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

प्रेस नोट दिनांक 29.10.2025जनपद सिद्धार्थनगर

◆सिद्धार्थनगर एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ आदि स्थानों पर मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 29.10.2025 को प्रभारी एण्टी रोमियो स्कवाड टीम /शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत एण्टी रोमियो कार्यवाही के तहत थाना क्षेत्र सिद्धार्थ नगर मे बुद्ध पीजी कालेज, रेलवे स्टेशन,सिंहेश्वरी मंदिर व थाना क्षेत्र लोटन मे लोटन बाजार,बनियाडीह, नेतवर,
चौक व स्कूल-कॉलेज/कोचिंग सेन्टर के पास तथा थाना क्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग की गयी तथा महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई, चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की समस्या को सुना गया और निस्तारण किया गया।

एण्टी रोमियों टीम का विवरण-
01-म0उ0नि0 शाइस्ता प्रभारी एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर
02 महिला आरक्षी कंचन एंटी रोमियो स्क्वायड
03 . आरक्षी श्री प्रकाश एंटी रोमियो स्क्वायड
04 महिला मुख्य आरक्षी मधु भारती एंटी रोमियो स्क्वायड

प्रेस नोट दिनांक 29/10/2025 जनपद  सिद्धार्थनगर

◆महिला सशक्तिकरण के क्रम में मिशन शक्ति केंद्र स्थापना के उपरांत नारी सुरक्षा एंव स्वालंबन के संबन्ध मे बहू बेटी सम्मेलन चलाया गया बहू बेटी कार्यक्रम चलाकर महिलाओ को सुरक्षा के बारे मे व हेल्पलाइन नम्बरो के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया।

ड़ॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत शौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक 29/10/2025 प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद थाना व जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में मिशन शक्ति पुलिस टीम उ0नि0 पन्नेलाल, का0 शुभम रावत, म0हे0का0 संगीता सिंह, म0का0 अन्नप्रिया वर्मा, म0का0 अनिशा सरोज द्वारा थाना क्षेत्र के सिद्धार्थ शिक्षा निकेतन इण्टर कॉलेज तेतरी बाजार, श्री सिंहेश्वरी इ०का०, श्री कृष्णबाल विद्या मंदिर तेतरी बाजार, सिद्धार्थ तिराहा व सोहास मोड़ आदि जगहों पर जाकर पम्पलेट वितरित किया गया व पार्कों में जाकर मिशन शक्ति एवं एण्टी रोमियों किया गया। उनकी समस्याओं को सुना गया, उचित परामर्श के साथ काउन्सलिंग किया गया। बहू बेटी सम्मेलन लगाकर जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी व मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर  नए कानून के बारे में जानकारी दी गई व नई धाराओं को भी बताया गया।

**प्रेस नोट दिनांक 29.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆"आपरेशन क्लीन" के अन्तर्गत थाना खेसरहा पर कुल 09 दो पहिया वाहनों की नीलामी कराकर मय GST सहित कुल ₹56,286/- के राजस्व की प्राप्ति की गयी।**

**श्रीमान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे अभियान "आपरेशन क्लीन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 29.10.2025 को श्री निखिल चक्रवर्ती उप जिलाधिकारी महोदय बांसी महोदय व श्री सुजीत राय क्षेत्राधिकारी बांसी महोदय, श्री मुजफ्फर हुसैन सिद्दकी सम्भागीय निरीक्षक परिवहन अधिकारी सिद्धार्थनगर की गठित कमेटी द्वारा कुल 09 दो पहिया वाहनो की नीलामी थाना परिसर खेसरहा में विधि सम्मत तरीके से करायी गयी जिसमें माली ट्रेडर्स श्री अनीश पुत्र बसन्त साकिन फुलवरिया जनपद गोरखपुर द्वारा सर्वाधिक बोली ₹47,700/- लगायी गयी । नीलामी से मय GST ₹8,586/- के कुल धनराशि ₹56,286/- रूपये राजस्व प्राप्त हुआ। जिसको राजकीय कोषागार में जमा कराया जायेगा।**

प्रेस नोट- दिनांक 29-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆जनपदीय पुलिस द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में चेकिंग व पैदल गश्त किया गया।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 29.10.2025 को जनपद के क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सघन चेकिंग व पैदल गश्त किया गया। आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया।